कुलसचिव का कार्यालय
आगत प्राप्ति
संख्या 8257
तिथि 07/9/19
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

DR-617
07.9.19

# कार्यालय जिला अधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक : सं0रा0 /2019/ 12775-12 दिनांक : 06/9/19

1. समस्त प्रधानाचार्य, डिग्री कालेज, लखनऊ।
2. समस्त प्रधानाचार्य, इण्टर कालेज, लखनऊ।
3. समस्त प्रधान अध्यापक, पूर्व माध्यमिक विधालय, लखनऊ।
4. समस्त प्रधान अध्यापक, प्राथमिक विधालय, लखनऊ।

GA-1115
7/9/19

**विषय : जनपद में संक्रामक रोगो/डेंगू, ज्वर, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि की रोकथाम हेतु विधालय के छात्रों तथा अध्यापकों को संवेदीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि संक्रामक रोगो तथा डेंगू, एनफ्लूएंजा–ए एच1एन1, की रोकथाम के लिए आवश्यक है कि विधालय के समस्त अध्यापकों तथा छात्रों को बचाव/रोकथाम हेतु की जाने वाली गतिविधियों तथा उक्त बीमारी में "क्या करें क्या न करें" की जानकारी होनी चाहिए।

इस सम्बन्ध में निम्न संवेदीकरण करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के अधीन कार्यरत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी तथा यू0पी0एच0एस0एस0पी0 के सहयोग से दो सदस्यीय 09 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें आपके विधालय में प्रार्थना सभा में पहुँच कर उपरोक्त बीमारियों के सम्बन्ध में जानकारी देगी तथा यदि कोई मच्छर जनित स्थितियां विधालय/कालेज में पायी जाती है तो उन स्थितियों को समाप्त करने की कार्यवाही भी करेगी।

1. सभी विद्यालयों में एक वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण हेतु नामित नोडल शिक्षकों का एक हेल्थ क्लब बनवाने हेतु निर्देशित करें तथा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने एवं विद्यालयों की सफाई हेतु प्रतिदिन निरीक्षण का कार्य करें।
2. प्रतिदिन प्रार्थना सभा के पश्चात् विद्यार्थियों को वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु **"क्या करें क्या न करें"** एवं रोग वाहक मच्छरों के विषय में विद्यार्थियों को संवेदीकृत करने का कष्ट करें। मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी बुखार इत्यादि के विषय में बतायें। इसमें मुख्यतः डेंगू के विषय में निम्न बाते बतायें :–
   - एडीज एजिप्टी मच्छर के कॉटने से डेंगू का रोग फैलता है, ये छोटा काले रंग का मच्छर होता है, जिस पर सफेद धारिया होती हैं।
   - अधिकतर दिन के समय कॉटता है और बार–बार कॉटता है।
   - घरों में अधिकतर अंधेरे वाले कोनों, लटके हुए कपड़ों या छतरी आदि तथा फर्नीचर के नीचे पाया जाता है।
3. इस हेतु बचाव ही सबसे उत्तम उपाय है, मच्छरों को न पनपने दे, इसके लिए –
   - कूलर व अन्य बर्तन जिसमें पानी का संचयन किया जाता है, आदि को सप्ताह में एक बार सुखा कर पुनः प्रयोग में लाये।
   - घर की छतों पर बेकार पड़े बर्तनों, गमलों के नीचे, ए0सी0 से निकलने वाले पानी, पशु पक्षियों के लिए रखे गये पानी के बर्तनों को सप्ताह में एक बार सुखा ही पुनः उपयोग में लाये।
4. सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को निर्देशित करें कि सभी छात्र–छात्राएं प्रतिदिन पूरी आस्तीन के कपड़े/पैन्ट एवं जूते–मौजे पहनकर ही विद्यालय आएं।
5. माध्यमिक व उच्च शिक्षा के विद्यालयों में डेंगू रोधी टीम के माध्यम से टोली बनाकर नाटक सेमिनार संगोष्ठी के माध्यम से डेंगू से बचाव के उपाय बताये जाये।
6. विद्यालयों में मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने हेतु प्रत्येक शनिवार प्रातः 10.00 बजे 10 मिनट तक नोडल शिक्षक की देखरेख में साफ–सफाई का अभियान चलायें तथा मच्छर जनित परिस्थितियों को नष्ट करें। विद्यालय में अनुपस्थित बच्चों में यदि कोई ज्वर से पीडित है तो विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा इसकी सूचना मुख्य चिकित्साअधिकारी को तुरन्त उपलब्ध करायी जाये तथा निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजकर इलाज करायें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त टीमों के उपस्थित होने पर उन्हें सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

जिला अधिकारी,

DR GA
Pl circulate
7/9

कुल सचिव

OS DR(GA) Registrar's web site पर Circulate के लिए
कृपया इसे वेब साइट पर अपलोड करना चाहें
DR GA 13/9/19 13.9.19 13.9.2019

पत्रांक : सं0रो0 / 2019 / 12775 –12 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश शासन।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, संचारी रोग एवं वी0बी0डी0, उ0प्र0 लखनऊ।
4. डा0 धीरज तिवारी, सहायक निदेशक, यू0पी0एच0एस0एस0पी0 लखनऊ मो0न0–9839223880
5. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मण्डल लखनऊ।
6. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ।
8. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त टीमों को सहयोग प्रदान करने हेतु जनपद के समस्त विधालयों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
9. जिला विधालय निरीक्षक, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त टीमों को सहयोग प्रदान करने हेतु जनपद के समस्त विधालयों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

जिला अधिकारी,
लखनऊ।